## सार-समाचार

### पुलिस ने शराब से भरा ट्रक पकड़ा

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने 10 लाख रुपए की शराब से भरे ट्रक को जप्त किया है। शराब को गुजरात तस्करी किया जा रहा था। थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि उदयपुर की और से एक ट्रक आ रहा है,जिसके ड्राइवर केबिन के पीछे एक गुप्त चैंबर बनाकर शराब की गुजरात तस्करी की जा रही है। सूचना पर रतनपुर गुजरात सीमा पर पुलिस ने नाकेबंदी कर दी। इसी बीच उदयपुर की ओर से आ रहे ट्रक को रुकवाकर ड्राइवर से पूछताछ की गई तो उसने पारले जी बिस्किट भरे होंने की बात कही। पुलिस ने संदेह होंने पर ड्राइवर केबिन के पीछे तलाशी की तो एक गुप्त चैंबर बना हुआ पाया। जिसमें 174 पेटी तीन अलग अलग ब्रांड की पंजाब निर्मित शराब भरी हुई पाई गई। ड्राइवर भीलवाडा जिले के आसींद निवासी मेक सिंह से शराब परिवहन सम्बन्धित दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं करा सका। इस पर पुलिस ने 10 लाख रुपए कीमत की 174 पेटी अंग्रेजी शराब को ट्रक सहित जप्त कर लिया। वही ड्राइवर मेक सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। इधर पुलिस शराब तस्करी के नेटवर्क को लेकर ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को चेताया कि राजकाज के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतते हुए इस दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य करे। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए विभागीय अधिकारी समन्वयन व तालमेल के साथ कार्य को अंजाम दे। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि खराब हो रही सड़को की प्राथमिकता के साथ मरम्मत करवाने के निर्देष दिये वहीं बैठक में जन सुनवाई, संपर्क, सतर्कता, सीएमओ, पीजी शिकायतें, सीएमओ नीले पत्र, नए पेपर कटिंग लंबित औसत निपटान समय, संतुष्टि प्रतिषत लंबित 30 दिन पेंशन सत्यापन लंबित, चिकित्सा उपकेन्द्रों के लिए लंबित भूमि आवंटन की समीक्षा, मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए तैयारियों की समीक्षा, आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के रिकार्ड ई-केवाईसी एवं कार्ड वितरण, लाडो प्रोत्साहन योजना, राजकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, उपकेन्द्रों एवं अस्पतालों की जर्जर भवनों की पहचान तथा मरम्मत अथवा पुननिर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने पर चर्चा और समीक्षा करते हुए निर्देष दिये।

### 12 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के राज्यव्यापी आ ान पर आज डूंगरपुर और पाल देवल ब्लॉक इकाइयों ने संयुक्त रूप से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, डूंगरपुर के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित आम सभा की अध्यक्षता डूंगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुनलाल यादव और देवल ब्लॉक अध्यक्ष केशव कोटेड ने संयुक्त रूप से की। आम सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत कुमार खराडी ने राजस्थान सरकार की नीतियों पर कडा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं कर रही है और उन पर लगातार गैर.शैक्षणिक कार्य थोप रही हैए जिससे शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की समीक्षा करने और इसे राज्य में लागू न करने की भी मांग की। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों के अतिशीघ्र पुनर्निर्माण की भी मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी मांगें नहीं मानी तो एक बडा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आम सभा के बाद, शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम एक 12 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। इस प्रदर्शन में जिला सभाध्यक्ष बाबूराम रोत, जिला उपाध्यक्ष नारायणलाल कोटेड, पुष्पा वरहात, बसंती कटारा, विनोद मीणा, प्रकाश कोटेड, शांतिलाल गमेती, मगनलाल यादव, सोहनलाल यादव, नानालाल अहारी, राजेन्द्र डोडा, गणपतलाल रोत और हरिप्रकाश गमेती ने भी विचार व्यक्त किए। एसएफआई के राज्य उपाध्यक्ष फाल्गुन भराडा ने समर्थन दिया और कार्यक्रम का संचालन डूंगरपुर ब्लॉक मंत्री शांतिलाल बरण्डा ने किया।

# कृषि बढ़ती है, तभी देश आगे बढ़ता है : राज्यपाल बागड़े

■ राजस्थान कृषि महाविद्यालय में कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि कृषि बढ़ती है, तभी देश आगे बढ़ता है। खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता से विदेशी मुद्रा बचती है और कृषि आधारित उद्योग धंधे भी तेजी से पनते हैं। इसलिए कृषि क्षेत्र के विकास में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजते हुए तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

राज्यपाल बागड़े मंगलवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से राजस्थान कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित प्रगतिशील किसान संवाद कार्यऋम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बागड़े ने कहा कि आजादी के समय देश की आबादी 36 करोड़ थी। इनके लिए पर्याप्त अन्न नहीं था। विदेशों से खाद्यान्न मंगवाना पड़ता था। तब देश के अन्नदाताओं ने मेहनत कर लोगों का पेट भरा। वर्तमान में आबादी 147 करोड़ हो चुकी है। कृषि भूमि भी कम हुई है, लेकिन देश में कृषि क्षेत्र ने तेजी से विकास किया। अन्नदाताओं ने इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उत्पादन बढ़ाया इसी के परिणाम स्वरूप देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनने की राह पर है। आने वाले समय में चुनौतियां बढ़ेगी। इसलिए कृषि क्षेत्र में नवीन शोध और उन्नत तकनीक पर निरंतर काम करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। रिसर्च डायरेक्टर डॉ अरविन्द वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

राज्यपाल श्रीबागड़े ने कहा कि भारत की पुरातन ज्ञान संपदा अतुलनीय है। हर विषय पर यहां बहुत पहले ही शोध कार्य हो चुके हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में चऋपाणि मिश्र की पुस्तक विश्व वल्लभ का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने खेत, सिंचाई की तकनीकों पर सदियों पहले ही लिख दिया है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ अंक लाना नहीं है। शिक्षा का सीधा संबंध बौद्धिक क्षमता विकास से है। सच्ची शिक्षा वहीं है जो विद्यार्थी को हर चुनौती का सामना करने के योग्य और समाधान करने में सक्षम बनाए। बागड़े ने स्वामी विवेकानंद, झांकी की रानी और वीरबाला कालीबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षमता, सामर्थ्य और भाव आयु के मोहताज नहीं होते। इन विभूतियों ने अल्प वय में जो भाव दिखाए वह वंदनीय हैं।पे? बागड़े ने कहा कि राजस्थान में गर्मी कम करनी है और बारिश बढ़ानी है तो पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने पानी बचाने का भी आव्हान किया। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहेगा तो खेती स्वत: ही बढेगी।

राज्यपाल बागड़े ने राजस्थान कृषि महाविद्यालय परिसर में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा को नमन किया। साथ ही तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से संचालित महाराणा प्रताप शोध पीठ की गतिविधियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। साथ ही महाविद्यालय के संस्थापक राठौड़ की प्रतिमा पर भी पुष्पाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल बागड़े ने विश्वविद्यालय की ओर से मोटे अनाज की नवीनतम किस्मों सहित अन्य उपयोग जानकारियों को लेकर प्रकाशित की गई कॉफी टेबल बुक दी मिलेट्स स्टोरी का भी विमोचन किया।

इससे पूर्व राज्यपाल बागड़े मंगलवार सुबह 7.20 बजे विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। वहां अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। जवानों ने गार्ड आफ ऑनर दिया। इसके पश्चात् राज्यपाल सड़क मार्ग से सर्किट हाउस उदयपुर पहुंचे। यहां पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव एवं जिला कलक्टर नमित मेहता ने उनका स्वागत किया। कुछ देर प्रवास के बाद राज्यपाल राजसमंद जिले के पिपलांत्री गांव पहुंचे। वहां आयोजित पर्यावरण उत्सव 2025 में भाग लेकर दोपहर करीब 1.35 बजे पुनः सर्किट हाउस उदयपुर आए। कृषि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद श्रीबागड़े डबोक एयरपोर्ट पहुंचे तथा वहां से जयपुर के लिए प्रस्थान किया।

## मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**कपासन, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के नेतृत्व में शिक्षको ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष व मंत्री राजेंद्र यादव ने बताया कि शिक्षको के नीतिगत स्थानांतरण शुरू करने, लंबित डीपीसी पूर्ण करने, नई शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा करने, शिक्षकों को बीएलओ सहित सभी प्रकार के गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करने, पीएफआरडीए बिल रद्द कर राज्य कर्मचारियों के एनपीएस ने जमा 50 हजार करोड़ रुपए वापस करने, संविदा भर्ती बंद कर प्रदेशभर में रिक्त लगभग एक लाख पदों पर नियमित भर्ती करने, पीडी मद का बजट एकमुश्त जारी करने, पंचायतीराज शिक्षको के स्थाईकरण के अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.मुख्यालय) को दिए जाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी ने बताया प्रदेशभर में जर्जर अवस्था में पड़े विद्यालयों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत या पुनः निर्माण किया जाए। ब्लॉक कोषाध्यक्ष प्रमोद जांगिड़ ने बताया कि वीडियो बनाकर पाली जिले की एक सरकारी स्कूल की जर्जर हालात को उजागर करने वाले शिक्षक के निलंबन को रद्द किया जाए। वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष चंदन चोरा ने बताया कि सरकार को शिक्षको को गैर शिक्षण कार्यों से मुक्त करते हुए सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करना चाहिए।

# हर घर स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर होंगे विविध आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में इस वर्ष भी आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। तीन चरणों में होने वाले इस कार्यक्रम में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम के साथ विविध आयोजन होंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिले में हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

अभियान का पहला चरण 8 अगस्त तक चलेगा। इसमें स्कूल दिवारों / बोर्ड पर तिरंगा के अनुसार सजावट करवाना, राजकीय भवनों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करना, तिरंगा राखी बनाओं वर्क्सशोप और प्रतियोगिता आयोजित करना आदि गतिविधियां संपादित की जा रही हैं। अभियान के दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव मनाए जाएंगे। इसमें 9 से 11 अगस्त को गांव एवं शहर के सार्वजनिक स्थान, जल संरचनाएं, जल और सेनिटेशन सूचनाएं नाली सफाई, ग्रे-वाटर प्रबंधन, पाईपलाईनों से वाटर लिकेज को बंद करना, सीएससी, आरआरसी और अन्य परिसम्पत्तियों की सुरक्षा संबंधी कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन एवं इसके प्रबंधन संबंधी कार्य तथा गांव के रास्तों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर आजादी का श्रम दान थीम पर स्वच्छता कार्यक्रम होंगे। 12 अगस्त को गांव में जल जीवन मिशन की सरंचनाओं की सफाई और सौदर्यकरण पीएचईडी विभाग के माध्यम स किए जाएंगे। इसमें जल एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं को देशभक्ति थीम से पेन्ट एवं सजावट करवाना शामिल है।

इसके अलावा 12 अगस्त को ही कचरा प्रबंधन तकनीक (पृथकीकरण, कम्पोटिंग) शौचालय रखरखाव, जल संरक्षण, भूमिगत जल संग्रहण, जलस्त्रोंत संरक्षण, सिंगल युज प्लाटिक के उपयोग को हतोत्साहित करना, व्यक्तिगत शौचालयों की ग्रामवासियों के द्वारा सफाई आदि गतिविधियां होंगी। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक ध्वज फहराना, राजकीय भवनों की सजावट आदि, तिरंगा के साथ सेल्फी लेना, तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा जैसी गतिविधियां होंगी। सभी पंचायती राज संस्थाओं, राजकीय व निजी कार्यालयों, जिले के प्रमुख स्थलों, स्मारकों को तिरंगा रंग की एलईडी लाईटिंग से की जाएगी। प्रमुख बाजारों में भी लाईट डेकोरेशन, माला डेकोरेशन, दीया, रंगोली आदि से सजावट करने हेतु स्थानीय व्यक्यिं को प्रोत्साहित करना, पंचायत के प्रमुख तालाब, प्रमुख स्थल, प्रमुख व्यापार केन्द्र आदि में देशभक्ति के राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, देशभक्ति के गीत आदि भी प्रसारित किए जाएंगे।

13 अगस्त को प्रात: 8 से 11 बजे तक तिरंगा ध्वज को हाथ में लेकर स्थानीय जनसमुदाय द्वारा प्रत्येक गांव ढाणी, शहर-कस्बों में एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वहीं सभी धर्म के व्यक्तियों, विद्याथिर्यों के साथ हम एक साथ है की भावना के साथ प्रत्येक पंचायत में बाईक रैली, साईकिल रैली, ट्रैक्टर रैली, निकाली जाएगी। तिरंगा केनवास के तहत 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक पंचायत में मुख्य बाजार, पंचायत कार्यालय, राजीव गांधी सेवा केन्द्र, आगनवाडी, बस स्टेण्ड, शहर क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर एक तिरंगा केनवास लगाया जाएगा, जिस पर आमजनता द्वारा अपने हस्ताक्षर एवं देश प्रेम के प्रति अपनी भावना लिखी जा सके। 14 अगस्त को तिरंगा प्रर्दशनी एवं मेले का आयोजन किया जाएगा।

वहीं शाम को सभी नगरों व पंचायत स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम में स्वतन्त्रता सेनानी, सैनिक एवं सुरक्षा बलों के सेवानिवृत कार्मिको/शहीदों के परिवार को भी अनिवार्य रूप से ससम्मान आमन्त्रित किया जाएगा। देश भक्ति से आधारित संगीत, गानों पर स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 15 अगस्त को प्रत्येक नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में देश की एकता एवं अखण्डता हेतु तिरंगा शपथ दिलवाई जाएगी।

## सार-समाचार

### सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली हॉस्पिटल,राजस्थान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभागतथा आधार फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान मेंसड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमका आज भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रात:10 बजे गीतांजली हॉस्पिटल के नर्मदा देवी अठावाल ऑडिटोरियममेंगणेश वंदनाके साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम मेंमुख्य अतिथि महाराज कुंवरानी निवृत्ति कुमारी जी मेवाड़रही। साथ हीमुरादाबाद फिल्म के हीरो नकुल रोशन साहदेव,सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरआईकार्थ पुरोहित, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा, जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा, आधार फाउंडेशन ट्रस्ट के सीईओ नारायण चौधरी, निदेशक प्रीती पामेचा, रॉकवुड्स चेयरपर्सन श्रीमती अलका शर्मा, डायरेक्टर श्री दीपक शर्मा, सीपीएस प्रिंसिपलश्रीमती पूनम राठौरऔर गीतांजली हॉस्पिटल के डीजीएम मार्केटिंगश्री कल्पेश चंद रजबारकी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की एंकरिंग आर्यन द्वारा की गयी। शहर के विभिन्न स्कूलों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक,मोबाइल सेफ्टी पर प्रस्तुतियां,डांस और गीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण यमराज की प्रस्तुति रही,जिन्होंने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से बच्चों और युवाओं को सड़क सुरक्षा के महत्व को सरल भाषा में समझाया।

### मेवाड़ को मराठा के अधीन दर्शाने पर विधायक ने जताई आपत्ति

**उदयपुर, (कासं)।** नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ ने एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित कक्षा 8 कीइतिहास की पुस्तक (भाग1,इकाई 3 पृष्ठ संख्या 71)में दर्शाए गए एक मानचित्र पर आपत्ति जताई है। इस मानचित्र में मेवाड़ को मराठा साम्राज्य के अधीन दर्शाया गया है, जिसे विधायक ने विकृत करार देते हुए मेवाड़ के स्वाभिमान के विरूद्ध बताया है। विधायक मेवाड़ के अनुसार एसा प्रतीत होता है कि एनसीईआरटी में इतिहार लेखन का उद्देश्य छात्रों को सटीक जानकारी देना नही, बल्कि भारत के स्वाभिमानी क्षैत्रों के गौरवशाली अतीत को धुधला करना बन गया है। इससे पूर्व मेवाड़ा को अंगेजों के अधीन दर्शाया गया, और अब उसी पृष्ठ पर मराठा साम्राज्य के अधीन बताया गया है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ कभी भी न पूर्ण रूप से अंठोजों के अधीन रहा, नहीं मराठों के। मेवाड़ ने सदिसयों तक स्वतंत्रता की लडाई लडी है। बप्पा रावल से लेकर महाराणा प्रताप तक का बलिदान कोई किवंदंती नही, इतिहार का जीवंत सत्य है। विधायक ने एसी एनसीईआरटी से इस त्रुटीपूर्ण मानचित्र को तत्काल संशोधित करने की मांग की है।

### लेपर्ड के मूवमेंट से भय व्याप्त

**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड ब्लॉक के बंबोरा इलाके मेंलेपर्ड का लगातार मूवमेंट होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात 10 बजे भीण्डर चौराहे के समीप लेपर्ड काविचरण देखा गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 1 व 2 अगस्त को भी आवरा गांव में लेपर्ड दिखाई दिया था। सोमवार रात में लेपर्ड के पुन: विचरण से इलाके में दशहत का माहौल है। इस बार ग्रामीणों की मांग पर वन विभागब ने नंदीवेला गांव में एक पिंजरा लगाया है। क्षैत्रीय वन अधिकारी रामनारासयण डांगी के अनुसार लेपर्ड के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे है। वहीं लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान वारदात करने की योजना बनाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की गई तीन बाईक बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहक के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी के नेतृत्व में एएसआई बसंतीलाल मय टीम ने बंजारिया से करनाउवा रोड़ पर लराठी डोपचा फला खेरवाड़ा निवासी हरिश पुत्र राकेश बोगरा, राजु निवासी भूदर विकास नगर ऋषभदेवे, राजुल सांगीया निवासी भलाई ढिकावास बावलवाड़ा को दबोच कर पूछताछ की तो दस्तावेज नहीं होने से आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन बाईक बरामद कर गिरफ्तार करने कर प्रकरण दर्ज किया।

# संस्कृति चेतना यात्रा के साथ संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

**उदयपुर, (निसं)।** संस्कृतभारती उदयपुर की ओर से संस्कृत सप्ताह 2025 का शुभारंभ मंगलवार को भव्य संस्कृति चेतना यात्रा के साथ हुआ।

संस्कृतभारती उदयपुर यात्रा के संयोजक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि निंबार्क महाविद्यालय से संस्कृति चेतना यात्रा निकाली गई जो नगर के सूरजपोल बापू बाजार देहलीगेट आदि विभिन्न मार्गों से गुजरी। यात्रा में आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर के कुलपति प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, संस्कृत भारती के अध्यक्ष संजय शांडिल्य अभिनव स्कूल के प्राचार्य उपेंद्र रावल आदि गणमान्य अतिथियों का सान्निध्य रहा। उन्होंने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। अतिथियों ने इस अवसर पर संस्कृत भाषा की गरिमा और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि देववाणी का संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। संस्कृत संस्कारित भाषा के साथ साथ देश की आत्मा है। संस्कृत के उत्थान के लिए संस्कृत भारती के अथक प्रयास सराहनीय हैं।

संयोजक नरेंद्र शर्मा, श्रीयांश कंसारा, डॉ रेणु पालीवाल, निंबार्क के व्यवस्थापक राजेन्द्र आमेटा, चैनशंकर दशोरा, कुलदीप जोशी, माया खंडेलवाल, पंकज पारीख, विकास डांगी, नीलू, अभिनव से जिनेंद्र भट्ट, आलोक से खुशलता जोशी आदि ने व्यवस्थाएं संभालीं। संस्कृति चेतना यात्रा में छात्र-छात्राएं गृहे गृहे संस्कृतं गृहे गृहे तिरंगा, हेलो हाय त्यज-हरिओम वद, वैज्ञानिकी भाषा-संस्कृत भाषा, अस्माकं भाषा - संस्कृत भाषा, संस्कृतेन संभाषण कुरुं- जीवनस्य परिवर्तनम् कुरुं, अमृत भाषा- संस्कृत भाषा आदि संस्कृत के उद्घोष लगाते चले।

महानगर प्रचार प्रमुख रेखा सिसोदिया ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के तहत 6 अगस्त को आलोक संस्थान में संस्कृत समूह गीत प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। 7 अगस्त को एमएमपीएस स्कूल में संस्कृत श्लोक-पाठ प्रतियोगिता होगी। 8 अगस्त को डीपीएस उदयपुर में श्लोक-आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता को संस्कृत श्लोकों के माध्यम से स्वरूप मिलेगा। 9 अगस्त को ऐतिहासिक जगदीश मंदिर परिसर में संस्कृत रक्षार्थ रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों व नागरिकों को संस्कृत में संकल्प दिलाया जाएगा।

# पुलिस ने तीन दिन के बच्चा चोरी की घटना का किया खुलासा

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के नाथद्वारा गोवर्धन जिला चिकित्सालय से तीन दिन के नवजात की चोरी की वारदात का पुलिस ने महज कुछ घंटों में पर्दाफाश कर दिया।

मामले का खुलासा करते हुए राजसमंद एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि घटना के पीछे दो सगी बहनें चेतना और भारती शामिल थीं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार दोपहर अस्पताल से चेतन भील की पत्नी विद्या के तीन दिन के नवजात को चुरा लिया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की और 7० से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया कि आरोपी बहनें बीते तीन दिन से अस्पताल की रैकी कर रही थीं। चेतना के बच्चा न होने के कारण उन्होंने मौका देखकर वारदात को अंजाम दिया।चोरी की पूरी घटना अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिस ने देर रात नाथद्वारा क्षेत्र के बिजनौल से नवजात को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बच्चा फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में जिला चिकित्सालय में है। पुलिस की तत्परता और टीमवर्क की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की और 7० से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया कि आरोपी बहनें बीते तीन दिन से अस्पताल की रैकी कर रही थीं। चेतना के बच्चा न होने के कारण उन्होंने मौका देखकर वारदात को अंजाम दिया। आरोपी महिलाओं में से एक को संतान नहीं है, इसलिए उसने अपनी बहन के साथ मिलकर बच्चा चोरी कर अपनी हसरत पूरी करने की साजिश रची। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि गत 1 अगस्त को बिन्दिया पत्नी चेतन भील प्रसव पीडा होने पर गोवर्धन राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती हुई और 2 अगस्त को उसने बेटे को जन्म दिया। तीसरे दिन सोमवार को दोपहर में अस्पताल में छुट्?टी के दौरान सभी नर्सेज चार्ज हैंडओवर में व्यस्त थे। तभी नर्स के पकडे पहने एक महिला वार्ड में पहुंची और प्रसूता व उसके पति से जांच के लिए बच्चे को ऊपर लाने को कहा, इस पर पति चेतन ने छोटी बहन चंदा के साथ बच्चे को भेज दिया। इस दौरान नर्स ने बच्चे को उसे सौंपने और आधार कार्ड लाने को कहा, जब कार्ड लेकर वह वापस लौटी, तो आरोपी महिला बच्चे को लेकर फरार हो चुकी थी।

## ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ब्लॉक कमेटी सीमलवाडा ने ब्लॉक संयोजक सुभाषचंद्र रोत के नेतृत्व में मुख्य उपखंड अधिकारी सीमलवाडा को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर मुकेश रोत नानुराम ननोमा,अर्जुनलाल मीणा, गीता मीणा, अशोक ननोमा आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम फखरुद्दीन फजले हुसेन से बदलकर नया नाम फखरुद्दीन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-फखरुद्दीन पुत्र फजले हुसेन गुलाम अली, बड़ा बाग वार्ड-30 प्रतापगढ़ राजस्थान

**GRAM PANCHAYAT KHARKA, PANCHAYAT SAMITI SALUMBAR**

**LETTER NO: 2024-25/100** **DATE: 05.08.25**

**TENDER NOTICE**

Tender Notice are invited for computer, books, furniture and other items for atal gyan Kendra gram panchayat gingla. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthn.gov.in

**UBN NO.- ZUD2526GSLBO1562**

(निलेश कुमार महता)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-खरका
पं.स. सलूम्बर जि. सलूम्बर (राज.)

**SARPANCH**
**G.P. KHARKA**
**P.S. SALUMBAR**

**GRAM PANCHAYAT GINGLA, PANCHAYAT SAMITI SALUMBAR**

**LETTER NO: 2024-25/102** **DATE: 05.08.2025**

**TENDER NOTICE**

Tender Notice are invited for computer, books, furniture and other items for atal gyan Kendra gram panchayat gingla. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthn.gov.in

**UBN NO.- ZUD2526GSLBO1569**

(निलेश कुमार महता)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-गींगला
पं.स. सलूम्बर जि. सलूम्बर (राज.)

**SARPANCH**
**G.P. GINGLA**
**P.S. SALUMBAR**

# संस्कार व परंपराओं का संवाहक है शिक्षक : प्रो. सारंगदेवोत

■ विद्यापीठ - बीएड महाविद्यालय का 60वां स्थापना दिवस मनाया, विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

**उदयपुर, (कासं)।** नैतिकता और मानवीय मूल्य न केवल व्यक्ति के जीवन को बेहतरीन बनाते है वरन सामाजिक स्तर पर भी अपना गहरा प्रभाव डालते है। इन मूल्यों को भावी पीढ़ी में बिजारोपित करने में परिवार के साथ साथ विद्या मंदिरों का भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। जिनमें शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से संस्कारों, परंपराओं के संवहन के दायित्व को निभा रहे है।

उक्त विचार मंगलवार को राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीतियों के माध्यम से जो जिन विचारों पर वर्तमान में कार्य करवाए जा रहे है उस सोच के साथ संस्थापक जनुभाई ने प्रारंभ से ही विद्यापीठ के माध्यम से सामाजिक सरोकारों और वंचितों को शिक्षा के कार्य करवाए है। उन्होंने कहा कि स्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर के अनुसार राष्ट्र निर्माण के जिम्मेदार शिक्षकों को मानते हुए वे चाहते थे कि यहॉ से शिक्षा ग्रहण कर लोकमान्य शिक्षक तैयार हों, जो सभी को मान्य हो इसी सोच को ध्यान में रखते हुए 1966 में 80 विद्यार्थियों के साथ लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना की, जहॉ वर्तमान में 2500 विधार्थी प्रतिवर्ष प्रशिक्षण लेकर इस महाविद्यालय से निकल कर अपने जीवन के पथ की नयी शुरूआत कर रहे हैं और शत प्रतिशत विधार्थी सरकारी या गैर सरकारी उद्यमों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति एवं कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संस्थान की प्रगति और संघर्ष में संस्थापक कार्यकर्ताओं के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने वर्तमान में शैक्षिक और व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के बीच मूल्यों और मानकों को बनाए रखते हुए शिक्षा के लिये संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर भी विचार रखे समारोह में अतिथियों द्वारा डॉ. रचना राठौर और डॉ. इंदु बाला आचार्य द्वारा भौतिक विज्ञान शिक्षण पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया।

प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में विगत 59 वर्षों से अनवरत कार्यरत संस्थान की विकास यात्रा और गुणवत्तापूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए भावी योजनाओं तथा चुनौतियों पर विचार रखे। इस मौके पर डॉ. बलिदान जैन, डॉ. रचना राठौड़, डॉ अमी राठौड़, डॉ. बी एल श्रीमाली, डॉ. अमिया गोस्वामी, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. हिम्मत सिंह चूंडावत, डॉ. सुभाष पुरोहित, डॉ. पुनीत पांडेय, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. सरिता मेनारिया, डॉ. इंदू बाला आचार्य सहित महाविद्यालय के अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया जबकि आभार डॉ. रचना राठौड़ जताया।

## धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने कलेक्ट्री गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रात: 11 बजे समस्त कांग्रेसी रैली के रूप में पार्टी कार्यालय से प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हॉस्पिटल चौराहा पहुंचे जहां सभा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र पंड्या ने कहा कि प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार बनी है तब से कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। समाचार पत्रों में आये दिन बलात्कार, लूटपाट, डकैती, चौन स्कैनिंग, बजरी माफियाओं का आतंक आदि आपराधिक घटनाओं की जानकारी प्राप्त होती है और ऐसा लगता है कि प्रदेश में पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। संगठन प्रभारी लालसिंह झाला ने कहा कि इसके अतिरिक्त राज्य की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को परिसीमन के नाम पर बार-बार टाला जा रहा है जबकि बहुसंख्यक नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। संविधान के अनुच्छेद 243यू तथा अनुच्छेद 243ई, साथ ही पंचायती राज अधिनियम 194 की धारा 17 तथा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 200 की धारा 7 में स्पष्ट प्रावधान है कि नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का कार्यकाल 5 वर्ष का है तथा कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व इन संस्थाओं के चुनाव करवाने की प्रक्रिया प्रारम्भ करना आवश्यक है लेकिन राज्य सरकार द्वारा संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन कर इन संस्थाओं के चुनाव टाले जा रहे है।